अपने कपड़ों में से सफ़ेद कपड़े पहना करो। ये तुम्हारे सबसे अच्छे कपड़ों में से हैं। तथा इन्हीं में अपने मुर्दों को दफ़न किया करो।

अब्दुल्लाह बिन अब्बास -रज़ियल्लाहु अनहुमा- का वर्णन है, वह कहते हैं कि अल्लाह के
रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फ़रमाया है : "अपने कपड़ों में से सफ़ेद कपड़े
पहना करो। ये तुम्हारे सबसे अच्छे कपड़ों में से हैं। तथा इन्हीं में अपने मुर्दों
को दफ़न किया करो।"
[स़ह़ीह़] [इस ह़दीस़ को अबू दावूद, तिर्मिज़ी और इब्न-ए-माजह ने रिवायत किया है]

अल्लाह के नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पुरुषों को सफ़ेद कपड़े पहनने तथा अपने मुर्दों को सफ़ेद कपड़े में कफ़नाने का निर्देश दे रहे हैं। क्योंकि सफ़ेद कपड़े उत्कृष्ट कपड़ों में से हैं।

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/65553